भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

संदर्भ : विक्रय/ प्रिंट मटेरियल / 2024-25

प्रति,

दिनांक : 09/09/2024

-----------------------------------

-----------------------------------

-----------------------------------

------------

**विषय: प्रचार प्रसार हेतु लीफलेट्स/पम्पलेट्स/पोस्टर/ अन्य प्रचार सामग्री (FY 2024-25) छापने हेतु कोटेशन ।**

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत, भारतीय जीवन बीमा निगम, मंडल कार्यालय, रायपुर ,अपने 17 सूचीबद्ध सेवाप्रदायकों से सलग्न विवरण के अनुसार, प्रचार प्रसार हेतु विभिन्न प्रकार के लीफलेट्स/पम्पलेट्स/पोस्टर अन्य प्रचार सामग्री छापने हेतु मुहर बंद लिफाफे में निम्नांकित पते पर कोटेशन आमंत्रित करता है।

**प्रबंधक ( विक्रय),**

**भारतीय जीवन बीमा निगम,**

**मंडल कार्यालय , जीवन प्रकाश पंडरी रायपुर छ. ग.**

1. **कोटेशन की समय सारणी :-**

| क्रमांक | विवरण | निविदा आमंत्रण की तिथि एवं समय | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | **निविदा** जारी एवं जमा करने की तिथि | 09/09/2024<br>office time 10am to 5.30 pm | 23/09/2024 साय: 4.00 बजे तक |
| 2 | **निविदा** खोलने की तिथि | 24.09.2024 को दोपहर 12:00बजे विक्रय विभाग भारतीय जीवन बीमा निगम,विक्रय विभाग मंडल कार्यालय, रायपुर | |
| 3 | **Working Day** | Monday to Friday ( five Day Week ) | |

2. **अन्य आवश्यक शर्तें-**

2.1 कोटेशन संलग्न प्रोफार्म में टाइप किया हुआ अथवा स्पष्ट रूप से सुवाच्य लिखी हुई मुहर बंद लिफाफे में जिस पर **"लीफलेट्स/पम्पलेट्स/पोस्टर/ अन्य प्रचार सामग्री (FY 2024-25) छापने हेतु कोटेशन"** उल्लेखित हो में प्रस्तुत किया जाना है।

2.2 कोटेशन के साथ सभी प्रकार के जी.एस.एम का एक एक नमुना लगाना आवश्यक है ।

2.3 EMD की राशि रूपये 20000/-(बीस हजार ) का डिमांड ड्राफ्ट भारतीय जीवन बीमा निगम के पक्ष में रायपुर में देय संलग्न करना अनिवार्य है । MSME **OR** NSIC **OR** UDYOG ADHAR FIRM की दशा में EMD की राशि जमा करने की आवश्यकता नहीं है किन्तु इस हेतु वैध प्रमाण पत्र संलग्न करना उसकी संख्या /वैधता को कोटेशन पर दर्शाना अनिपार्य होगा ।

2.4 **Tender fees :-** रुपये 590.00 **(500 + 18% GST)** गैर वापसी योग्य निविदा पत्र के साथ जमा करना अनिवार्य होगा .**Tender fees** कैश काउंटर पर या **D.D.** के माध्यम से भुगतान किया जा सकता है.

2.5 निर्धारित तिथि तथा समय के पश्चात प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

2.6 उक्त कार्य करवाये जानें का अनुबन्ध निविदा स्वीकृति तिथि से दो वर्षों तक के लिये होगा । इस अवधि के भीतर दरों में किसी भी प्रकार की वृध्दि नहीं की जावेगीं निविदा दर प्रति नग जिसमे GST शामिल नहीं है (exclusive of GST) उल्लेखित करे ।

2.7 मुद्रित पेपर उलेखित GSM का होना चाहियें। GSM मे 5% से अधिक की कमी होने पर सम्पूर्ण बिल की राशि मे से 5% राशि की पेनाल्टी लगायी जायेगी । निगम यह अधिकार सुरक्षित रखेगा की इस तरह की कमी पाई जाने पर सामग्री वेंडर को वापस कर दी जायेगी और ऐसे आदेश के बिल भुगतान की पात्रता नहीं होगी ।

2.8 सभी प्रकार के प्रचार सामग्री को निगम के CORPORATE IDENTITY RULE के अनुपालन करते हुए,प्रिंटिंग से पूर्व प्रूफ चेकिंग मंडल कार्यालय के विक्रय विभाग से करने के बाद छापना होगा ।

2.9 माल की सुपुर्दगी मांग अनुसार नियत समय, मंडल कार्यालय पर किया जाना आवश्यक हैं। सुपुर्दगी हेतु अलग से कोई माल भाड़ा एवं ढुलाई इत्यादि देय नहीं होगा। नियत समय पर कार्य पूर्ण नहीं किये जाने पर सम्पूर्ण बिल की राशि पर 10% राशि की पेनाल्टी लगायी जायेगी ।

2.10 सक्षम अधिकारी के पास पेनाल्टी लगाने/आदेश निरस्त करने, कोटेशन को आंशिक अथवा पूर्णत: अस्वीकृत करने आदि के समस्त अधिकार सुरक्षित होगें, जो फर्म पर लागु होगें ।

2.11 कार्य के लिये कोई अग्रिम भुगतान नहीं होगा। कार्य पूर्ण होने पर भुगतान किया जायेगा तथा बिल के भुगतान के समय नियमानुसार आयकर की कटौती की जायेगी , तथा बिल की राशि का ३ % राशि सुरक्षा निधि के रूप में कटौती की जायेगी जो निविदा अवधि के समाप्ति पश्चात बिना किसी ब्याज के वेंडर को वापस की जायेगी ।

2.12 निविदा की स्वीकृत न्युनतम दर **(एल १)** , सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकृति की तिथि से दो वर्षों तक वैध रहेगी , निविदा की अवधि सक्षम अधिकारी के स्वीकृति तथा दोनों पक्ष( **निविदा कर्ता जिसका स्वीकृत न्युतम दर( एल १) है एवं निगम के सक्षम अधिकारी)** के आपसी सहमति पश्चात पुराने स्वीकृत दर एवं शर्तों पर एक वर्ष के लिए बढ़ायी जा सकेगी ।

2.13 इस निविदा के संबंध में कोई भी विवाद उत्पन्न होता है तो वह रायपुर में उत्पन्न हुआ माना जाएगा तथा उसका निराकरण रायपुर के ही सक्षम न्यायालय में किया जायेगा ।

2.14 निविदा पत्र में संलग्न अनेक्चर ए निविदा का भाग है । अनेक्चर ए (total 4 pages) बिना काट छांट के पूर्ण भरा हो तथा प्रत्येक पृष्ठ पर अधिकृत हस्ताक्षर एवं फर्म का सील लगा हो ।

2.15 निविदा दर (exclusive of GST and all other charges) संलग्न अनेक्चर ए(total 4 pages) के अनुरूप प्रदान करना होगा ।

2.16 उपरोक्त शर्तों के अंतर्गत ही निविदा मान्य होगी ,फर्म द्वारा यदि कोई अन्य शर्त उलेखित की जायेगी तो उस निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा ।

**भवदीय**

**वरिष्ठ मंडल प्रबंधक**